**प्रेसविज्ञप्ति** **08.05.2023**

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही / वर्ष के वित्तीय परिणाम**

बैंक का वैश्विक कारोबार **रुपए 10.95 लाख करोड़** हुआ

परिचालन लाभ में, **वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही** के दौरान **47%** वर्ष-दर-वर्ष एवं **वित्तीय वर्ष 2023** के दौरान **20%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।

निवल लाभ में, **वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही** के दौरान **47%** वर्ष-दर-वर्ष एवं **वित्तीय वर्ष 2023** के दौरान **34%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।

## मुख्य बातें (मार्च 2022 के सापेक्ष मार्च 2023 को समाप्त तिमाही)

- मार्च 2022 में **रु. 984** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में, **निवल लाभ 47%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 1447** करोड़ रहा।
- मार्च 2022 में **रु. 2738** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में, **परिचालन लाभ 47%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 4016** करोड़ रहा।
- मार्च 2022 में **रु. 4255** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में, **निवल ब्याज** आय **29%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 5508** करोड़ रही।
- मार्च 2023 में **फीस आधारित** आय **12%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 914** करोड़ हो गई।
- **आय-लागत अनुपात**, मार्च 2022 में **53.03%** के सापेक्ष मार्च 2023 में बढ़कर **46.47%** हो गया।
- **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन**, मार्च 2022 में **2.87%** के सापेक्ष मार्च 2023 में बढ़कर **3.59%** हो गया।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** मार्च 2022 में **0.62%** के सापेक्ष मार्च 2023 में बढ़कर **0.82%** हो गया।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** मार्च 2022 में **11.70%** के सापेक्ष मार्च 2023 में बढ़कर **15.48%** हो गया।
- मार्च 2022 में **रु. 415625** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में, **अग्रिम 14%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. **473586** करोड़ रहा।
- मार्च 2022 में **रु. 242700** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम **12%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 272679** करोड़ हो गया।
- सकल घरेलू अग्रिमों में **खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM)** का योगदान **61%** है। खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई अग्रिमों में क्रमशः वर्ष-दर-वर्ष **13%, 16%** व **7%** की वृद्धि हुई। **आवास ऋण (बंधक सहित)** में **11%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि, **ऑटो-ऋण** में **28%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि और **वैयक्तिक ऋण** में **46%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।

- मार्च 2023 में **जमाएँ** वर्ष-दर-वर्ष **5%** बढ़कर **रु. 621166** करोड़ रही।
- **कासा अनुपात 42%** रहा।
- मार्च 2022 के दौरान **8.47%** के सापेक्ष, मार्च 2023 में सकल **गैर निष्पादक आस्तियों** में वर्ष-दर-वर्ष **252 बीपीएस** की कमी आने से यह **5.95%** रही। मार्च 2022 के दौरान **2.27%** के सापेक्ष, **निवल गैर निष्पादक आस्तियों** में **137 बीपीएस** की कमी आने से यह **0.90%** रही।
- मार्च 2022 में **87.38%** के सापेक्ष, **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडबल्यूओ सहित)** में वर्ष-दर-वर्ष **644 बीपीएस** वृद्धि होने से यह **93.82%** रहा।
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.49%** रहा। सीईटी-। में वर्ष-दर-वर्ष **36 बीपीएस** की वृद्धि से यह **12.89%** रहा। **टियर I पूंजी** में वर्ष-दर-वर्ष **31 बीपीएस** की वृद्धि से यह **13.48%** रही।

## मुख्य बातें (मार्च 2022 के सापेक्ष मार्च 2023 को समाप्त वर्ष)

- वित्तीय वर्ष 2022 में **रु. 3945** करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **निवल लाभ 34%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 5282** करोड़ हो गया।
- वित्तीय वर्ष 2022 में **रु. 12717** करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **परिचालन लाभ 20%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 15271** करोड़ हो गया।
- वित्तीय वर्ष 2022 में **रु. 16728** करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **निवल ब्याज** आय **21%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 20225** करोड़ हो गयी।
- वित्तीय वर्ष 2022 में **0.63%** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ (ROA)** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **0.77%** रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022 में **12.13%** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **इक्विटी पर प्रतिलाभ (ROE)** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर 14.73% रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022 में **46.21%** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **आय लागत अनुपात** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **44.20%** रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022 में **2.91%** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023 में **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन 50 बीपीएस** बढ़कर **3.41%** रहा।

**निदेशक मण्डल ने मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर (86%) पर रु. 8.60 के लाभांश की अनुशंसा की है जोकि अपेक्षित अनुमोदन के अधीन है।**

## 31 मार्च 2023 को कारोबार निष्पादन की मुख्य बातें

### कारोबार

- मार्च 2022 में **रु. 1009243** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में **कुल कारोबार**, वर्ष-दर-वर्ष **8%** की वृद्धि दर्ज करते हुए **रु. 1094752** करोड़ हो गया।
- विगत वर्ष में **रु. 415625** करोड़ के **अग्रिमों** के सापेक्ष, मार्च 2023 में **14%** की वृद्धि दर्ज करते हुए अग्रिम **रु. 473586** करोड़ हो गए। रैम (RAM) क्षेत्र ने **12%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की जिसमें से खुदरा, कृषि व एमएसएमई में क्रमशः **13%,16%** व **7%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।
- गत वर्ष में **रु. 593618** करोड़ के सापेक्ष मार्च 2023 में वर्ष-दर-वर्ष **5%** बढ़कर कुल **जमाएँ रु. 621166** करोड़ रही।
- मार्च 2023 के दौरान **कासा जमाओं** में वर्ष-दर-वर्ष 5% की वृद्धि हुई और यह **रु. 260809** करोड़ रही। जमाओं में कासा की हिस्सेदारी **42%** रही।
- मार्च 2023 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र पोर्टफोलियो, **रु. 152992** करोड़ रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **44%** है।

### नेटवर्क

- बैंक की **5787** शाखाएँ हैं जिनमें से **1964** ग्रामीण शाखाएँ हैं, **1517** अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, **1165** शहरी शाखाएँ हैं एवं **1141** मेट्रो शाखाएँ हैं। बैंक की **3** ओवरसीज़ विदेशी शाखाएँ एवं **1** आईबीयू है।
- बैंक के **4929** एटीएम व बीएनए हैं एवं **10750** बीसी हैं।

### डिजिटल बैंकिंग

- बैंक ने दक्षिण दिल्ली, लखनऊ और कारैकाल में **3** डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) स्थापित की हैं।
- वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के दौरान एटीएम, बीएनए और डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेनदेन में वर्ष दर वर्ष **8%** की वृद्धि हुई।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में वर्ष दर वर्ष **68%** की वृद्धि हुई, जबकि इसके लेन-देन में वर्ष दर वर्ष **72%** की वृद्धि हुई।
- यूपीआई उपयोगकर्ताओं और लेनदेन में क्रमशः वर्ष दर वर्ष **27%** और वर्ष दर वर्ष **109%** की वृद्धि हुई।

- वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन कार्यक्रम के तहत अनेक डिजिटल प्रक्रियाओं की शुरुआत की है।

## पुरस्कार एवं सम्मान

- मार्च 2023 में इंडियन बैंक को प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए यूएई के माननीय मंत्री एवं कैबिनेट सदस्य द्वारा "गोल्डन पीकॉक नैशनल ट्रेनिंग अवार्ड- 2023" प्रदान किया गया।
- जनवरी 2023 में बैंक को भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा 14वें एसएफ़बीसीके बैंकिंग एक्सिलेंस अवार्ड, 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार हेतु द्वितीय सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में सम्मानित किया गया।
- मिंट डबल्यू3 अवार्ड्स के दौरान फरवरी 2023 में बैंक को कंपनी ऑफ द ईयर घोषित किया गया।
- सूचना के प्रसार में सर्वोत्तम प्रयास के लिए बैंक ने अप्रैल 2023 में "सीजीटीएमएसई अचीवमेंट एअवार्ड वित्तीय वर्ष 2022-23" जीता।
- अप्रैल 2023 में बैंक, वैश्विक मंदी के बीच विकास को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ ब्रांड श्रेणी में बीएफ़एसआई अवार्ड 2023 का विजेता बना।

## हमारा फोकस

हमारा उद्देश्य ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सशक्त कर्मचारियों के कौशल और प्रौद्योगिकी के स्मार्ट उपयोग के माध्यम से मूल्यवर्धित और उपयुक्त समाधान प्रदान करना है। अत्याधुनिक तकनीक और व्यक्तिगत सेवा के संयोजन के माध्यम से, हमारा उद्देश्य बैंकिंग को आसान बनाना है, जिससे इसे सभी के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाया जा सके।

ग्राहकों को सहज और सुविधाजनक बैंकिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए बैंक ने डिजिटल उत्पादों की एक श्रृंखला शुरू की है। एक क्लिक में, किसी भी ऋण के लिए आवेदन किया जा सकता है, जैसे एग्री ज्वैल, शिशु मुद्रा, व्यक्तिगत, एमएसएमई और केसीसी ऋणों का नवीकरण, मीयादी जमा और बचत खाता खोलना आदि। कम लागत वाली जमाराशियों को प्राप्त करने के लिए, बैंक ने भारत के प्रमुख शहरों में प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट्स और सरकारी विभागों को अनुकूलित सेवा सुनिश्चित करने के लिए लायबलिटी वर्टिकल स्थापित किए हैं।

हमारा लक्ष्य एक विश्वसनीय भागीदार बनना है जो एक ही छत के नीचे वित्तीय उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला को वितरित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सकारात्मक बदलाव ला रहा है और हमारे ग्राहकों को एक सतत विकसित वित्तीय परिदृश्य में बढ़ने में सक्षम बनाता है।